

शनिवार को राजधानी के बड़े तालाब स्थित शीतल दास की बगिया में अपने पितरों का तर्पण करते श्रद्धालु।

# उद्योगों के लिए मप्र में बिजली, पानी और भूमि की पर्याप्त उपलब्धता : मुख्यमंत्री

**राज्य ब्यूरो नईदुनिया, भोपाल:** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इंदौर में आयोजित हिंदू इकोनॉमिक फोरम के कार्यक्रम में उद्योगपतियों को प्रदेश की उद्योग नीति और औद्योगिक विकास के प्रति शासन की प्रतिबद्धता से अवगत कराया।

उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश आज उन क्षेत्रों में अग्रणी है, जो उद्योगों के लिए आवश्यक और महत्वपूर्ण हैं। प्रदेश में सरप्लस बिजली के साथ पर्याप्त लैंड बैंक उपलब्ध है। पानी पर सोलर पैनल से बिजली बनाई जा रही है और पानी से ऊर्जा के स्रोत भी मजबूत हुए हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में उद्योगों के नए क्षेत्रों पर लगातार कार्य किया जा रहा है। इनमें धार्मिक पर्यटन के साथ मेडिकल



टूरिज्म भी शामिल है। देश की आर्थिक प्रगति में उद्यमियों की महत्वपूर्ण भूमिका है और आर्थिक विकास के साथ रोजगार के अवसर भी बढ़ रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने होटल शेरेटन, इंदौर में फोरम के इंदौर चैप्टर के शुभारंभ कार्यक्रम में 'अर्थ अभ्युदय' विषय पर मुख्य संबोधन दिया। उन्होंने कहा कि वर्ष 2002-03 में मध्य प्रदेश में प्रति व्यक्ति आय लगभग 11 हजार रुपये थी, जो वर्ष 2022 में बढ़कर 1 लाख 40 हजार रुपये और वर्ष 2026 में 1 लाख 67 हजार रुपये हो गई। उन्होंने कहा कि 10 से 12 वर्षों का समय बहुत बड़ा नहीं होता, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की आर्थिक वृद्धि को गति दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में औद्योगिक विकास के लिए अब तक हुए एमओयू को जमीन पर उतारने में सफलता मिल रही है। शासन की मंशा उद्योगों के लिए बेहतर वातावरण तैयार करने और अधिक रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने की है। भारत सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार वी. अनंता नागेश्वरन ने कहा कि भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है। वर्तमान में देश की विकास दर 7.8 प्रतिशत है। उन्होंने कहा कि भारत का विदेशों के साथ व्यापार लगातार बढ़ रहा है।

कार्यक्रम में जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, विधायक गोलू शुक्ला, सुमित मिश्रा सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# निगम की बेहतर व्यवस्थाओं के बीच गणेश प्रतिमाओं का सुगमता से विसर्जन



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपाल:** नगर पालिक निगम भोपाल द्वारा अनंत चतुर्दशी पर भगवान श्री गणेश की छोटी-बड़ी प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए 7 प्रमुख स्थाई विसर्जन घाटों एवं 29 अस्थाई विसर्जन कुंडों पर बेहतर व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं।

इन व्यवस्थाओं के कारण श्रद्धालु प्रतिमाओं का विसर्जन सुगमता से कर रहे हैं। समाचार लिखे जाने तक लगभग 42,318 छोटी और 2,197 बड़ी प्रतिमाओं सहित कुल 44,510 प्रतिमाओं का विधि-विधान से विसर्जन कराया जा चुका है।

महापौर मालती राय एवं निगम आयुक्त संस्कृति जैन ने विसर्जन घाटों एवं अस्थाई विसर्जन स्थलों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को बेहतर बनाए रखने के निर्देश दिए। निगम आयुक्त ने प्रमुख विसर्जन घाटों पर अपर आयुक्तों को नोडल अधिकारी तथा वरिष्ठ अधिकारियों को प्रभारी अधिकारी की जिम्मेदारी सौंपी है।निगम द्वारा विसर्जन घाटों पर क्रेन, नाव, गोताखोर और फायर ब्रिगेड का अमला तैनात किया गया है। घाटों एवं पहुंच मार्गों पर साफ-सफाई, प्रकाश और पेयजल की व्यवस्था की गई है। स्थाई विसर्जन घाटों पर कंट्रोल रूम भी स्थापित किए गए हैं। जोन स्तर पर प्रतिमाओं के एकत्रीकरण एवं विसर्जन के लिए टेंट, टेबल, कुर्सियां, विसर्जन पात्र तथा पूजन सामग्री एवं अन्य अपशिष्ट के लिए पृथक-पृथक पात्र उपलब्ध कराए गए हैं।

निगम आयुक्त ने शाहपुरा, हथाईखेड़ा, खटलापुरा, रानी कमलापति और प्रेमपुरा विसर्जन स्थलों का निरीक्षण किया। उन्होंने सूखी एवं गीली पूजन सामग्री को अलग रखने तथा विसर्जन के बाद घाटों की निरंतर साफ-सफाई के निर्देश दिए।

समाचार लिखे जाने तक प्रेमपुरा में 7,353 छोटी और 620 बड़ी, रानी कमलापति में 6,300 छोटी और 140 बड़ी, खटलापुरा में 6,231 छोटी और 270 बड़ी, शाहपुरा में 6,103 छोटी और 234 बड़ी, बैरागढ़ में 5,501 छोटी और 282 बड़ी, मालीखेड़ी में 3,500 छोटी और 167 बड़ी तथा हथाईखेड़ा में 7,330 छोटी और 484 बड़ी प्रतिमाओं का विसर्जन किया जा चुका था।

# भोपाल विकास योजना-2047 राजधानी के सुनियोजित और हरित विकास की आधारशिला : शर्मा

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपाल:** भोपाल सांसद आलोक शर्मा ने भोपाल विकास योजना-2047 का प्रारूप जारी होने पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आभार व्यक्त करते हुए इसे राजधानी के भविष्य के लिए महत्वपूर्ण कदम बताया।

सांसद ने कहा कि उन्होंने दिशा की बैठक सहित विभिन्न मंचों पर लगातार भोपाल के लिए नए मास्टर प्लान की आवश्यकता का विषय उठाया था। शहर की विकास सीमाएं स्पष्ट हों, अनियोजित विस्तार पर रोक लगे, व्यापारियों और रहवासियों के हित सुरक्षित रहें तथा भोपाल की पहचान बड़ा तालाब, छोटा तालाब, जलाशयों, हरित क्षेत्रों और प्राकृतिक धरोहर का संरक्षण सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में जारी भोपाल विकास योजना-2047 का प्रारूप केवल शहर के विस्तार का दस्तावेज नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के भोपाल की आधारशिला है।

## सेवा संकल्प अभियान में दिव्यांगजनों के साथ 'मन की बात' सुनेंगे देवड़ा और शर्मा

**भोपाल।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन में जनसेवा के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी द्वारा देशभर में 'सेवा संकल्प अभियान' चलाया जा रहा है। इसी क्रम में उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा एवं भोपाल सांसद आलोक शर्मा रविवार, 27 सितंबर को दिव्यांगजनों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम 'मन की बात' का श्रवण करेंगे। कार्यक्रम रविवार सुबह 11 बजे सिंधु भवन, 5 नंबर चौराहा, भोपाल में आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा एवं सांसद आलोक शर्मा दिव्यांगजनों के साथ 'मन की बात' कार्यक्रम सुनेंगे।

# 'मेरे सपनों का भारत' चित्रकला प्रतियोगिता के विजेताओं को बांटे पुरस्कार



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपाल:** खेल व सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग ने महापौर मालती राय एवं विधायक भगवानदास सबनानी की उपस्थिति में सेवा संकल्प अभियान के तहत 'मेरे सपनों का भारत' विषय पर आयोजित जिला स्तरीय राष्ट्रीय चित्रकला प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरित किए।

इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए चित्रों की प्रदर्शनी का भी अतिथियों ने अवलोकन किया।

शनिवार को हिंदी भवन में आयोजित कार्यक्रम में मंत्री सारंग, महापौर राय एवं विधायक सबनानी ने विद्यार्थियों के चित्रों को देखा और उनकी सराहना करते हुए शुभकामनाएं दीं। पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में महापौर परिषद के सदस्य एवं भाजपा जिला अध्यक्ष रविंद्र यति, महापौर परिषद के सदस्य मनोज राठौर, आरके सिंह बघेल एवं अशोक वाणी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष मोहन जाट सहित तीरथ सिंह मीणा, प्रदीप शेखावत, चैतन्य भार्गव, डॉ. योगेंद्र मुखरैया, शिक्षा विभाग के अधिकारी, शिक्षक-शिक्षिकाएं, प्रतिभागी विद्यार्थी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# भारत-पाकिस्तान युद्ध के जांबाज शहीद प्रेम रामचंदानी को किया याद



**नईदुनिया प्रतिनिधि, हिनप्र:** दीपमाला संस्कार पब्लिक स्कूल में वर्ष 1965 के भारत-पाकिस्तान युद्ध के वीर शहीद फ्लाइंग ऑफिसर प्रेम रामचंदानी को उनके शहादत दिवस पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। संस्था के सचिव बसंत चेलानी एवं कोषाध्यक्ष चंदर नागदेव ने सैनिक के चित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया।

चेलानी ने शहीद के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि 19 अक्टूबर 1941 को जन्मे प्रेम रामचंदानी ने मात्र 24 वर्ष की आयु में 26 सितंबर 1965 को देश के लिए प्राण न्योछावर कर दिए। युद्ध के दौरान उन्होंने पाकिस्तान में नौ बार सफल बमबारी की। दसवीं बार दुश्मन के हमले में उनका विमान क्षतिग्रस्त हो गया और वे गंभीर रूप से घायल हुए। 26 सितंबर को उन्होंने अंतिम सांस ली।

इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य आर.के. मिश्रा, प्रधानाचार्या मृदुला गौतम, मोंटेसरी प्रभारी प्रियांशी आडवानी सहित शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं विद्यार्थियों ने शहीद के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

## शिक्षकों, कर्मचारियों और उनके परिवारों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध सरकार : स्कूल शिक्षा मंत्री

**भोपाल।** स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्य प्रदेश सरकार संवेदनशीलता, त्वरित निर्णय और जनकल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा दिवंगत शिक्षकों एवं कर्मचारियों के परिवारों को आर्थिक संबल प्रदान करने के लिए लंबे समय से लंबित अनुकंपा नियुक्ति प्रकरणों के निराकरण में तेजी लाई गई है।

उन्होंने कहा कि पात्र परिवारों को उनके अधिकार समय पर मिलें और लंबित प्रकरणों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित हो। इसी क्रम में 27 सितंबर से कर्मचारी कल्याण शिविर भी शुरू किए जा रहे हैं। इन शिविरों के माध्यम से शिक्षकों एवं कर्मचारियों की समस्याओं और शिकायतों का विवरण ऑनलाइन प्राप्त कर उनका त्वरित एवं प्रभावी निराकरण सुनिश्चित किया जाएगा।

अनुकंपा नियुक्ति प्रकरणों के तत्काल निराकरण की दिशा में शनिवार को 251 और नियुक्ति आदेश जारी किए गए। इसके साथ ही पिछले चार-पांच दिनों में कुल 851 अनुकंपा नियुक्ति आदेश जारी हो चुके हैं। यह पहल दिवंगत शिक्षकों एवं कर्मचारियों के आश्रित परिवारों को सम्मानजनक जीवन और आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

# विद्यार्थियों ने शिक्षाविद् ईश्वर चंद्र विद्यासागर को किया याद



**नईदुनिया प्रतिनिधि, हिनप्र:** नवनिध और मिठी गोविंदराम पब्लिक स्कूल में शिक्षाविद् एवं समाज सुधारक ईश्वर चंद्र विद्यासागर की जयंती पर विशेष प्रार्थना सभा आयोजित की गई।

कार्यक्रम में साधु वासवानी सदन की छात्राओं ने विचारोत्तेजक नाटक प्रस्तुत किया। अभिनय के माध्यम से छात्राओं ने स्त्री शिक्षा, विधवा पुनर्विवाह और सामाजिक समानता के लिए विद्यासागर के ऐतिहासिक प्रयासों को जीवंत किया। विद्यालय की प्राचार्या अमृता मोटवानी ने कहा कि ईश्वर चंद्र विद्यासागर द्वारा तैयार किए गए मजबूत आधार के कारण आज महिलाएं शिक्षित होकर आत्मनिर्भर बन रही हैं और राष्ट्र निर्माण में योगदान दे रही हैं। कार्यक्रम का संचालन छात्रा नैना गोस्वामी एवं नीलम सावलानी ने किया। मिठी गोविंदराम पब्लिक स्कूल में भी विद्यासागर की जयंती पर विशेष सभा आयोजित हुई।

छात्रों ने प्रेरणादायी लघु नाटिका प्रस्तुत की। प्राचार्या रेखा केवलानी एवं उप-प्राचार्या दिव्या कृपलानी ने उनके जीवन-आदर्शों को अपनाकर समाज सुधार और शिक्षा से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। संचालन कंचन जावरानी ने किया।

## छात्राओं ने दीनदयाल उपाध्याय के व्यक्तित्व और विचारों को जाना

**नईदुनिया प्रतिनिधि, हिनप्र:** पंडित दीनदयाल उपाध्याय कन्या महाविद्यालय में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर 'युग ऋषि' कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्राचार्य डॉ. प्रिया बुधानी ने स्वागत भाषण दिया। नवयुवक सभा के अध्यक्ष वासुदेव वाधवानी, उपाध्यक्ष महेश दयारामानी, महासचिव राजेश हिंगोरानी एवं भारत विकास परिषद के क्षेत्रीय महामंत्री सुनील कोठारी ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के व्यक्तित्व, कृतित्व और विचारों पर प्रकाश डाला।

छात्रा नंदिनी धानक ने भाषण और तमन्ना नागर ने गीत प्रस्तुत किया। 'स्वच्छता ही सेवा' पखवाड़े की प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। साथ ही पंडित जी के जीवन पर आधारित वृत्तचित्र दिखाया गया। कार्यक्रम में सचिव सुरेश राजपाल, कोषाध्यक्ष धर्म प्रकाश मोटवानी सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। डॉ. दिव्या वर्मा के निर्देशन और पूनम मुखरैया के संचालन में कार्यक्रम राष्ट्रगान के साथ संपन्न हुआ।

# निरंकारी रक्तदान शिविर में 518 यूनिट रक्तदान, रक्तदाताओं की लगी कतार



**नईदुनिया प्रतिनिधि, हिनप्र:** संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन द्वारा संत हिरदाराम नगर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शासकीय हमीदिया ब्लड बैंक के सहयोग से आयोजित इस 'मानवता के महापर्व' में कुल 518 यूनिट रक्तदान किया गया।

आयोजन जोनल इंचार्ज अशोक जुनेजा एवं संयोजक महेश वीधानी के मार्गदर्शन में हुआ। सुबह से ही रक्तदाताओं की लंबी कतारें लगी रहीं। बाबा हरदेव सिंह जी महाराज के संदेश 'रक्त नालियों में नहीं, नाड़ियों में बहे' को चरितार्थ करते हुए निरंकारी मिशन के सेवादारों ने जनकल्याण की भावना से बढ़-चढ़कर भाग लिया।

शिविर में निरंकारी मिशन के क्षेत्रीय संचालक अखिलेश यादव, विधायक भगवानदास सभनानी, शहर के गणमान्य नागरिक, समाजसेवी, विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारी एवं रक्तदाता उपस्थित रहे। रक्तदान शिविर की व्यवस्था संचालक अशोक नाथानी, संचालिका निशा टेकवानी, शिक्षक विजय कृपलानी, शिक्षिका सुषमा ग्वालानी, सहायक शिक्षक विजय नाथानी तथा सेवा दल के सदस्यों ने संभाली।

**जाहिर सूचना**

**ग्राम उमरिया तहसील व जिला रायसेन म.प्र.**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा भूमि स्थित ग्राम उमरिया प.ह.नं. 52 तहसील रायसेन जिला रायसेन स्थित भूमि खसरा नं. 77/2/2 रकबा 0.3070 हे. एवं खसरा नं. 78/1 रकबा 0.1300 हे. भूमि स्वामी घनश्याम आ. गुलाब सिंह निवासी बैजाखेड़ा, खसरा नं. 77/2/3 रकबा 0.3840 हे. एवं खसरा नं. 78/2 रकबा 0.0530 हे. भूमि स्वामी अर्जुन आ. गुलाब सिंह निवासी ग्राम बैजाखेड़ा तहसील व जिला रायसेन, खसरा नं. 77/2/1 रकबा 0.4370 हे. भूमि स्वामी जितेन्द्र आ. गुलाब सिंह निवासी ग्राम बैजाखेड़ा तहसील व जिला रायसेन द्वारा उक्त भूमि का भूमि स्वामी से मेरे पक्षकार ने क्रय करने हेतु बात-चीत चल रही है एवं भूमि स्वामी द्वारा उक्त भूमि को विक्रय करने की सहमति प्रदान की गई है एवं जाहिर सूचना आदि निकालने हेतु सहमति प्रदान कर दी है शीघ्र ही मेरा पक्षकार उक्त भूमि का अनुबंध अपने पक्ष में जाहिर सूचना के बाद समयावधि में कोई आपत्ति न आने पर मेरा पक्षकार अनुबंध पत्र अपने पक्ष में करा लेगा। यह कि यदि उक्त भूमि के संबंध में किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक फायनेन्स, शासकीय अथवा अर्द्धशासकीय कार्यालय एवं वन विभाग कार्यालय आदि को किसी प्रकार की आपत्ति हो या उक्त वर्णित भूमि कहीं अनुबंध, विक्रय, दान, बंधक, बसीयत, गिरवी, रहन, मुख्तारनामा, हिबा, हस्तांतरण इत्यादि हो तो वह इस सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस की समयावधि में प्रिंस कार्यालय तहसील कार्यालय के पीछे साँची रोड वार्ड नं. 9 रायसेन सर्विस प्रोपराईटर रामकुमार साहू के यहाँ मय दस्तावेज सहित उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करे अन्यथा मेरे पक्षकारा द्वारा उक्त वर्णित भूमि का अनुबंध-पत्र/पंजीयन/रजिस्ट्री करा ली जावेगी, समय व्यतीत होने के पश्चात् कोई भी आपत्ति अमान्य समझी जावेगी उस पर किसी प्रकार का कोई विचार नही किया जावेगा।

**रामकुमार साहू**
**सर्विस प्रोपराईटर प्रिंस कार्यालय तहसील कार्यालय के पीछे साँची रोड वार्ड नं. 9 रायसेन मो.नं. 9977120151**

1785

**कार्यालय तहसीलदार तहसील बैरसिया जिला भोपाल म.प्र.**

**क्रमांक/188/रीडर-2/2026** **बैरसिया दिनांक :-21/08/2026**

**दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशन हेतु सूचना पत्र**

कलेक्टर महोदय के कार्यालयीन पत्र कार्यालय कलेक्टर जिला भोपाल के पत्र क्रमांक 98/आर0एम0/2026 भोपाल दिनांक 23/04/2026 द्वारा ग्राम इब्राहिमपुरा तहसील बैरसिया भोपाल स्थित भूमि खसरा नंबर 307, 311/2/1 एवं 312/3 रकवा 3.312हे. में से रकवा 2.986 हे. अर्थात् 7. 37 एकड़ भूमि का आवंटन न्यायालय भवन बैरसिया जिला भोपाल म.प्र. के निर्माण हेतु विधि एवं विधायी कार्य विभाग (न्यायालय भवन निर्माण हेतु भूमि आवंटन) के पक्ष में मध्यप्रदेश नजूल निर्वतन निर्देश 2020 के अनुसार आवंटन आवेदन पत्र DISTRICT COURT BHOPAL के पक्ष में भूमि आवंटन हेतु म.प्र. शासन राजस्व विभाग द्वारा दिनांक 24/09/2020 को प्रकाशित म.प्र. नजूल भूमि निर्वतन निर्देश 2020 के अनुसार प्रारूप 1 अन्तर्गत आवंटित किये जाने हेतु प्राप्त हुआ है।

उपरोक्त विषयान्तर्गत निम्नांकित ग्राम इब्राहिमपुरा की भूमि के आवंटन की प्रक्रिया तहसील बैरसिया वृत्त-2, में प्रचलित है -

| ग्राम | भूमि खसरा नंबर | रकबा | आवंटन का प्रयोजन | आवेदक का नाम |
|---|---|---|---|---|
| इब्राहिमपुरा | 307 रकबा 1.210 हे. 311/2/1 रकबा 1. 709 हे. में से रकबा 1 383 हे. 312/3 रकबा 0 393 हे. | 3.312 हे. में से रकबा 2.986 हे. अर्थात् 7.37 एकड़ | न्यायालय भवन निर्माण हेतु भूमि आवंटन | DISTRICT COURT BHOPAL आवंटन न्यायालय भवन निर्माण हेतु विधि एवं विधायी कार्य विभाग |

उक्त भूमि का न्यायालय भवन बैरसिया जिला भोपाल म.प्र. के पक्ष में मध्यप्रदेश नजूल निर्वत्तन निर्देश 2020 के अनुसार आवंटन आवेदन पत्र DISTRICT COURT BHOPAL आवंटन न्यायालय भवन निर्माण हेतु विधि एवं विधायी कार्य विभाग द्वारा प्रस्तुत किया गया है। उपरोक्त भूमि राजस्व अभिलेख में शासकीय म.प्र. शासन मद में दर्ज है।

आवेदित भूमि ग्राम इब्राहिमपुरा तहसील बैरसिया भोपाल स्थित भूमि खसरा नंबर 307, 311/2/1 एवं 312/3 के कुल रकवा 3.312हे. में से रकवा 2.986 हे. अर्थात् 7.37 एकड़ भूमि न्यायालय भवन निर्माण हेतु DISTRICT COURT BHOPAL आवंटन न्यायालय भवन निर्माण हेतु विधि एवं विधायी कार्य विभाग के पक्ष में आवंटित किये जाने के सम्बन्ध में जिस किसी को भी कोई आपत्ति हो तो वह आपत्ति सूचना पत्र प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर इस न्यायालय में स्वयं अथवा अपने विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से अपनी आपत्ति लिखित में न्यायालयीन समय में न्यायालय में पेश कर सकता है। मियाद उपरांत पेश आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह सूचना पत्र आज दिनाँक 21/8/26 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**तहसील बैरसिया**

**जी-19117/26**